दिनाक 12.06.2020 को उपायुक्त, धनबाद की अध्यक्षता में धनबाद जिला खनिज फाउन्डेशन ट्रस्ट प्रबंधकीय समिति की बैठक की कार्यवाही :–

जिला खनिज फाउन्डेशन ट्रस्ट प्रबंधकीय समिति की बैठक में निम्न सदस्य एवं पदाधिकारियों ने भाग लिया :–

1. वन प्रमण्डल पदाधिकारी, धनबाद ।
2. उप विकास आयुक्त, धनबाद।
3. जिला पंचायती राज पदाधिकारी, धनबाद
4. जिला खनन पदाधिकारी, धनबाद।

अन्य पदाधिकारी :–

1. निदेशक, डी0आर0डी0ए0–सह– वरीय पदा0 DMFT, धनबाद।
2. पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय II धनबाद।

सर्वप्रथम बैठक में उपस्थित सभी सदस्य एवं पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए बैठक से संबंधित प्रस्ताव का कार्य सूची सभी सदस्यो को उपलब्ध कराते हुए बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ किया गया। जिसपर विन्दुवार निम्न प्रकार विचार किया गया :–

(1) <u>गृह,कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग (आपदा प्रबंधन प्रभाग) झारखण्ड सरकार का पत्रांक 1560 (अनु0) दिनांक 09.6.2020 के आलोक में मुख्यमंत्री दीदी किचन के संचालन हेतु DMFT की निधि से व्यय का प्रस्ताव ।</u>

विभागीय निदेश के आलोक में समिति के समक्ष जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जे0एस0एल0पी0एस0, धनबाद के द्वारा धनबाद जिले में दिनांक 31.5.2020 तक संचालित 267 (दो सौ सड़सठ) मुख्यमंत्री दीदी किचन की सूची उपलब्ध कराया गया। उक्त 267 दीदी किचन के जून, 2020 तक संचालन हेतु विभाग द्वारा निर्धारित अधिकतम प्रति लाभूक 12.00 (बारह) रूपये के आधार पर राशि का आकलन करते हुए निम्नवत निर्णय लिये गये।

1. तत्काल प्रथम किस्त के रूप में 20,000.00 (बीस हजार) रूपये प्रति मुख्यमंत्री दीदी किचन के आधार पर JSLPS को राशि उपलब्ध कराया जाना हैं ।
2. जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जे0एस0एल0पी0एस0, धनबाद विमुक्त की जाने वाली राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र (UC) उपलब्ध कराये जाने पर मुख्यमंत्री दीदी किचन के संचालन की स्थिति को देखते हुए दुसरा किस्त विमुक्त करने पर विचार किया जायेगा।

(2) <u>COVID-19 महामारी को देखते हुए इसके रोकथाम एवं इलाज हेतु स्वास्थ्य संबंधी क्रय का प्रस्ताव</u>

जिले में बढ़ रहे मरिजो की संख्या को देखते हुए सिविल सर्जन, धनबाद से COVID-19 के रोकथाम एवं इलाज हेतु स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक उपकरण/सामग्री की आवश्यकता की सूची प्राप्त कर उक्त उपकरण/सामग्री DMFT की निधि से क्रय करने का निर्णय लिया गया।

अंत में उपायुक्त, धनबाद के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यवाही समाप्ति की घोषणा की गई

12.6.20 जिला खनन पदा0, धनबाद।	12/6/20 निदेशक, डी0आर0डी0ए0, धनबाद	12/06/20 उप विकास आयुक्त, धनबाद।	12.6.20 उपायुक्त,धनबाद।

ज्ञापांक 102 /वि0 धनबाद, दिनांक 12-6-2020

प्रतिलिपि :– जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट के प्रबंधकीय समिति के सभी पदाधिकारियों /सभी संबंधितों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

12.6.20
उपायुक्त,धनबाद।